राजकीय महाविद्यालय बहू (झज्जर)

रिपोर्ट

दिनांक: 12/12/2019

राजकीय महाविद्यालय बहू की एन. एस. एस. इकाई द्वारा खानपुर कलाँ (Adopted village) में सत्र 2019-20 में जुलाई से अक्तूबर तक निम्नलिखित कार्य किए गए। जिनका विवरण इस प्रकार है।

"स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0" अभियान के तहत स्वयंसेविकाओं ने गाँव में साफ-सफाई की, रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को पॉलिथीन का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। स्वंयसेविकाओं ने वर्षा के मौसम में लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। स्वंयसेविकाओं ने शौचालय को लेकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया।

"पोषण माह" के अन्तर्गत एन. एस. एस. स्वंयसेविकाओं ने लोगों को रैली के द्वारा संतुलित आहार के लाभ तथा जंक फुड की हानियों के बारे में बताया। स्वंयसेविकाओं ने लोगों को कुपोषित भोजन से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया। गाँधी जयंती के अवसर पर स्वंयसेविकाओं ने गलियों, सड़कों, नालियों की साफ-सफाई की और लोगों का स्वच्छता का संदेश दिया।

Reeva

एन. एस. एस.
प्रोग्राम अधिकारी

Mukesh Kumar
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहू
(झज्जर)
Principal
Govt. College
Bahu (Jhajjar)